हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 23 नवंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | रहतगढ़

04 स्मार्ट मीटर और अवैध शराब की समस्याओं...



07 कल या परसो डाली जा सकती है किसानों के...



## खबर संक्षेप



### कबीर गायक पद्मश्री भारती बंधु ने बांधा समां

**सागर**। अंतर्राष्ट्रीय कबीर गायक पद्मश्री भारतीय बन्धु ने स्पिक-मैके सागर चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम पारस विद्या विहार में पद्मश्री भारती बन्धु, प्राचार्य रितु सोनी, सागर चैप्टर के समन्वयक राजेश पंडित, उपाध्यक्ष अमित आठिया, बृजेश दुबे, करणवीर सिंह, आशीष खटीक की गरिमामय उपस्थिति में दीप प्रचलन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। तत्पश्चात आमंत्रित अतिथियों का स्वागत शालेय परिवार द्वारा किया गया। कबीर गायन ने उपस्थित सभी बच्चों को मंत्र मुक्त कर दिया। बच्चे उनके साथ आनंद लेते हुए कबीर भजनों को दोहराते हुए कबीर मय हो गए।

### जनजाति गौरव दिवस पर कार्यक्रम आज

**सागर**। देश के लाखों गांवों में निवासरत लगभग 12 करोड़ जनजाति समाज के राष्ट्रीय नायक भगवान बिरसा मुंडा सहित देश के सभी शहीदों एवं क्रांतिकारियों को नमन करते हुए जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन 23 नवंबर को सागर जिले के बंडा तहसील के ग्राम धामोनी में सुबह 11.30 बजे से आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्पतिया उइके (कैबिनेट मंत्री, मध्यप्रदेश शासन), सुभाष बड़ोले (क्षेत्र संगठन मंत्री, मध्य क्षेत्र, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम) एवं तुलसी तिवारी (प्रांत सह संगठन मंत्री, वनवासी विकास परिषद, महाकौशल) उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. श्याम सिंह कुमरे पूर्व सचिव, मध्यप्रदेश शासन तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रकाश उइके (पूर्व न्यायाधीश एवं विश्वविद्यालय सलाहकार, राष्ट्रीय जनजाति आयोग, भारत सरकार) शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. संजय सिंह भदौरिया (प्रांत उपाध्यक्ष, वनवासी विकास परिषद, महाकौशल) करेंगे।

### एसआईआर सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित

**सागर**। नगर निगम आयुक्त सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री ने नगर निगम कार्यालय में एसआईआर सर्वे कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ रेशमा कोरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पंतनगर मतदान क्रमांक 172 द्वारा 65.46 प्रतिशत, नेहा चैरसिया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुरव्याऊ मतदान क्रमांक 151 द्वारा 72.82 प्रतिशत, परियोजना कार्यालय सागर शहरी 1, उर्मिला कोरी भाग संख्या 178 आंगनबाड़ी सहायिका काकागंज वार्ड केन्द्र क्रमांक 98 शहरी परियोजना क्रमांक 2 द्वारा 64.33 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर निगमायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के तहत संचालित एसआईआर सर्वे लोकतंत्र का उत्सव है, जिसमें हर मतदाता का सही पंजीकरण और जानकारी का सत्यापन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बीएलओ मतदान प्रक्रिया की रीढ़ होते हैं, जो प्रत्येक घर-घर जाकर नागरिकों तक चुनाव आयोग की योजनाएँ और प्रक्रियाएँ पहुँचाते हैं। ऐसे में उनका समर्पित कार्य लोकतंत्र की मजबूती का आधार बनता है। नगर निगम क्षेत्र में संचालित एसआईआर सर्वे में बीएलओ की सक्रिय भूमिका के कारण बड़ी संख्या में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार तथा मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाने का कार्य प्रभावी ढंग से पूरा किया जा रहा है।

### हर दो घंटे की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर सुनिश्चित करें समयबद्ध कार्य

# एसआईआर अत्यंत जरूरी, किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं : जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत की जा रही गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों में मतगणना प्रपत्रों के वितरण के पश्चात किए जा रहे डिजिटाइजेशन कार्य का गहनता से परीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान प्रगति अपेक्षाकृत नहीं है जिसकी गहनता से समीक्षा अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए की जिन मतदान केंद्र पर बीएलओ द्वारा लापरवाही की जा रही है उन केंद्रों पर बीएलओ के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित कर उनके स्थान पर रिजर्व बीएलओ से कार्य करवाया जाए।कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किया जा रहे हैं किसी भी कार्य में लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सागर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बीएलओ की क्षमता निर्माण और प्रबंधन के कारण डिजिटाइजेशन की प्रगति कम है। उन्होंने निर्देश दिए की बीएलओ से लेकर सुपरवाइजर तक प्रत्येक स्तर पर सघन मॉनिटरिंग की अत्यंत आवश्यकता गई।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने निर्देश दिए की नगरी निकाय द्वारा सहयोग नहीं दिए जाने की किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त न हो यह सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नगर पालिक निगम अमले के बीएलओ द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कार्य नहीं किए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है उनसे चर्चा कर उनके द्वारा अपनाई गई रणनीति का भी विश्लेषण करें। उन्होंने धीमी प्रगति वाले मतदान केंद्रों पर मॉनिटरिंग की कमी पर कड़ा असंतोष जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने निर्देश भी दिए कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी के साथ भी सतत संपर्क बनाए रखें तथा उन्हें प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जाए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मेप्ड डाटा का डिजिटाइजेशन पर सभी विशेष फोकस करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि समस्त विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नियमित रूप से प्रत्येक दो घंटे की रिपोर्ट की समीक्षा कर अपेक्षित प्रगति दर्ज न होने की स्थिति में तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।




### महापौर संगीता सुशील तिवारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ पूर्व विद्यार्थी मिलन सम्मेलन

**सागर**। पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में पूर्व विद्यार्थी मिलन सम्मेलन कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सागर महापौर संगीता सुशील तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि पूर्व विद्यार्थी हर संस्थान की अमूल्य धरोहर होते हैं, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से आने वाली पीढ़ियों को दिशा और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अपने उद्बोधन में इस प्रकार के आयोजनों को उत्कृष्ट पहल बताते हुए इसे नियमित स्वरूप देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और संस्थान से पुनः जुड़ने पर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम में पारुल साहू पूर्व विधायक, कवि एवं शायर अशोक मिज़ाज, डॉ. रंजना मिश्रा प्रभारी प्राचार्य, डॉ. इमराना सिद्दीकी, डॉ. अमर कुमार जैन, नरेंद्र सिंह तोमर जिला संयोजक, उद्यमिता विकास केंद्र सहित समस्त शिक्षकगण एवं महाविद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सिंधी समाज की समाजसेविका तारा बाई फब्वानी ने मृत्यु उपरांत आंखें दान की



**सागर**। सिंधी समाज के अनेक समाजसेवी और परिवार समय-समय पर नेत्रदान कर मिसाल पेश करते आ रहे हैं। सागर सिंधी समाज की समाज सेविका ने मृत्यु पूर्व अपने परिवार से कई बार जिक्र कर चुकी थी अगर किसी को दान करना है तो अपने शरीर का अहम हिस्सा जिससे दुनिया देखी जा सके और हमारे शरीर की सबसे कीमती चीज़ अगर कोई है तो वो है आँखें नेत्र दान से बड़ा कोई दान नहीं है यदि हमारी मृत्यु होती है तो यह हमारी अंतिम इच्छा समझ कर हमारा नेत्र दान जरूर करना जिससे दो लोगो की जिंदगी में उजाला कर दे। फब्वानी के निधन पर उनके पुत्र सुनील फब्वानी, अंकित, गौरव फब्वानी, अशोक, मुरली फब्वानी, पंकज, मनीष, नरेंद्र, विनीत, महेंद्र सुरेंद्र व रिश्तेदार के सामने उनकी आंखें बी.एम.सी.डाक्टरों की टीम ने उनके घर आकर अपनी प्रक्रिया पूरी की।




### जिला स्तरीय अस्मिता एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 250 बालिका खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सागर**। जिला स्तरीय अस्मिता एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन आज खेल परिसर मैदान, सागर में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-16 बालिका वर्ग की लगभग 250 खिलाड़ी शामिल हुईं। प्रतियोगिता में 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, तवा फेंक तथा ट्रायथलॉन एथलेटिक्स जैसी विभिन्न विधाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इनमें से प्रथम चयनित खिलाड़ी अब नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सागर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि संगीता सुशील तिवारी ने खिलाड़ियों को मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के माध्यम से अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के आयोजन प्रभारी संगीता सिंह भदौरिया (जिला एथलेटिक्स संघ, सागर) रहीं। आयोजन को सफल बनाने में मंगल सिंह यादव, उमेशचंद, मोय भीकम पटेल, मिथिलेश सिंह यादव, रामबाबू विश्वकर्मा, बद्री प्रसाद सेन, कमलेश करो, नफीस खान, राम सिंह यादव, यशवर्धन सिंह, प्रतिमा राय सहित कई सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

## मैरिज गार्डनों की दो दिवस में बकाया राशि जमा नहीं की तो हो जाएगी सील करने की कार्रवाई

### निगमायुक्त ने राजस्व अधिकारी को बकाया राशि की सख्ती से वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित मैरिज गार्डनों के संचालकों को बार-बार कहने के बाद भी संपत्ति कर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क की राशि जमा नहीं की जा रही है। अगर 2 दिवस में राशि जमा नहीं की जाती है तो मैरिज गार्डनों को तत्काल प्रभाव से सील करने की कार्रवाई की जाए,यह निर्देश शनिवार को नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को दिए।

नगर निगम आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित सभी मैरिज गार्डनों को कई बार समझाइश दिए जाने के बाद भी यदि वे निर्धारित समय सीमा में अपने संपत्तिकर, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं अन्य बकाया राशि जमा नहीं करते हैं, तो ऐसे सभी मैरिज गार्डनों के विरुद्ध सील करने की कार्रवाई सख्ती से की जाए।आयुक्त ने राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक मैरिज गार्डन को अंतिम रूप से 2 दिवस का समय प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की राजस्व वृद्धि एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह कदम आवश्यक है।



राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने बताया कि मैरिज गार्डन वर्षों से लंबित कर राशि जमा नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण निगम को वित्तीय हानि हो रही है तथा कचरा प्रबंधन व्यवस्था पर भी अतिरिक्त भार पड़ता है। उन्होंने कहा कि निगम नियमित रूप से सफाई, प्रकाश, जल व्यवस्था एवं अन्य जनसुविधाओं के लिए कार्य कर रहा है, ऐसे में कर अदायगी सभी संचालकों की जिम्मेदारी है।

निगमायुक्त ने सभी मैरिज गार्डन संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा में अपने बकाया कर की राशि अविलंब जमा करें ताकि किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही से बचा जा सके। निगम द्वारा आने वाले दिनों में अन्य बड़े बकायादारों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।




### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**गढ़ाकोटा**। सागर जिले के शासकीय कन्या उच्च मा.विद्यालय गढ़ाकोटा में व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत व्यूटी वेलनेश एवं आई टी ट्रेड की कक्षा 9 वी से 12 वी तक की लगभग 160 छात्राओं को प्राचार्य हरिशंकर सोनी के मार्गदर्शन में सागर स्थित ज्ञानसागर इंजीनियरिंग कॉलेज एवं वावा लोकनाथ इंस्ट्रीट्यूट ऑफ फार्मेसी साईंस एड रिसर्च सेंटर का भ्रमण विद्यालय की उच्च माध्यमिक शिक्षिका कृष्णा पाण्डे, हर्षा चौरसिया, शिवानी सोनी, प्रिया सोनी मेडम एवं आईटी प्रशिक्षक प्रभांशु रैंकवार, व्यूटी वेलवेश प्रशिक्षक शिवी गौर के मार्गदर्शन में रहा।

### दर्शनशास्त्र विभाग में 'विश्व दर्शन दिवस' मनाया गया

**सागर**। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में "विश्व दर्शन" दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की थीम "आज डिजिटल युग और आलोचनात्मक, रचनात्मक चिंतन" रही। इस आयोजन की अध्यक्षता डॉ. देवस्मिता चक्रबर्ती ने की। डॉ. अर्चना वर्मा इस कार्यक्रम की समन्वयक रहीं और इस कार्यक्रम में अतिथि विद्वान डॉ. नरेंद्र कुमार बौद्ध शोधार्थी अक्षरा सिंघाई, गौरव कुमार, मयंक विनायक राय एवं छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर डॉ. देवस्मिता चक्रबर्ती ने विश्व दर्शन दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दर्शन सिर्फ पाठ्यक्रम तक सीमित न होकर संपूर्ण जीवन से संबंधित है। इसको हम रानी दुर्गावती, अहिल्याबाई होलकर के जीवन से भरी बातें समझ सकते हैं जो गैर-दार्शनिक होने के बावजूद भी अपनी जीवन को दार्शनिक आधार पर संचालित करती रहीं। इस कार्यक्रम के सत्र का संचालन शोधार्थी विभा पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल युग ने कैसे हमारी आलोचनात्मक चिंतन को धीरे-धीरे बाधित किया और ऐसी स्थिति में आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने में दर्शन कैसे प्रासंगिक हो सकता है इस पर प्रकाश डाला। डॉ. अर्चना वर्मा ने कहा कि दर्शन परंपरागत रूप से जीवन जीने की शैली रहा है। दर्शन हमें एक सार्थक जीवन जीने का व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में शोधार्थी एवं विविध छात्र और छात्राओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। जैसे सेकेण्ड ऑर्डर थिंकिंग में हम किसी चीज का प्रभाव हम पर कैसे पड़ता है पर प्रकाश डाला। दर्शन का लक्ष्य स्वयं की खोज करना अहंकार का विनाश करना बताया। आलोचनात्मक चिंतन में कैसे भाषा से संबंधित समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। दर्शन को कैसे विश्वा स्तर तक लेकर जाए पर विचार रखे। अतः दर्शन एक ऐसा विषय है जिसको किसी निश्चित दिन या दायरे में सीमित नहीं किया जा सकता है।



### भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी टेनिस-बॉल क्रिकेट प्रतियोगिया 2025-26 का आयोजन 15 दिसंबर से होगा शुरू

**सागर**। खुरई विधानसभा क्षेत्र के युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों के लिए भूपेन्द्र भैया फेंस क्लब के तत्वावधान में होने वाली भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी टेनिस-बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-2026 के आयोजन की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। इस वर्ष इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 दिसंबर को होगा और समापन दिवस 25 जनवरी को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीम एक लाख रुपए नगद की हकदार होगी। भूपेन्द्र भैया फेंस क्लब के प्रतिनिधि अंशुल नामदेव ने बताया कि क्षेत्र के चार प्रमुख मैदानों पर क्रिकेट खेली जाएगी। इनमें स्टेडियम एवं किला मैदान खुरई, एमसीसी मैदान मालथौन, स्टेडियम परिसर बरोदियाकलां तथा स्टेडियम परिसर बांदरी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 1 लाख 93 हजार रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार विजेता टीमों को दिए जाएंगे। आकर्षक पुरस्कार राशि में विजेता टीम को एक लाख रूपयें, उपविजेता टीम को 51 हजार, मैन ऑफ द सीरीज को 21 हजार, बेस्ट बैट्समैन को 11 हजार तथा बेस्ट बॉलर को 11 हजार नगद पुरस्कार राशि मिलेगी। आयोजन संस्था भूपेन्द्र भैया फेंस क्लब के प्रतिनिधि अंशुल नामदेव ने कहा कि "खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और ऊर्जा का संचार करता है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हम क्षेत्र के युवाओं को एक बड़ा मंच देना चाहते हैं ताकि उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आए।" उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक टीमें भाग लें और क्रिकेट महोत्सव को यादगार बनाएं। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी हजारों दर्शकों के साथ क्रिकेट का रोमांच चरम पर रहेगा।



### एसआईआर लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के प्रभारियों की बैठक हुई संपन्न

**सागर**। विशेष जांच पुननिरीक्षण एस आई आर को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रभारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें अध्यक्ष महेश जाटव ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विषय में पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम पर अपने विचार रखे। अध्यक्ष महेश जाटव ने वार्ड प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति के मतदाताओं को प्रताड़ित करने एवं उनके नाम वोटर लिस्ट से कटने की आशंका है इसलिए हमें अत्यंत सतर्कता रखना आवश्यक है। सभी वार्ड प्रभारी कांग्रेस के बीएलओ को सक्रिय कर अभियान पर नजर रखें । इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नगर निगम बाबू सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक का संचालन प्रवक्ता डॉक्टर दिनेश पटेरिया ने किया एवं आभार सेवादल के वरिष्ठ नेता विजय साहू ने व्यक्त किया। बैठक में पार्षद ताहिर खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष समीर खान, सेबादल शहर अध्यक्ष सिंटू कटारे, पूर्व पार्षद गण राकेश राय, भैयन पटेल, रूपनारायण यादव, कार्यालय प्रभारी दीनदयाल तिवारी, ग्रामीण प्रवक्ता रवि सोनी, नीरज चौरसिया, धर्मेंद्र चौधरी, एड वीरेंद्र राजे, कोमल आनंद, शिवनारायण सोनी, तारिक कुरैशी, कुंजी लड़ियां, तज्जु खान महेश अहिरवार, गोपीलाल यादव, उमेश यादव, रजिया खान, रामशंकर सेन, आनंद हेला, अजमेरी, पवन पटेल, गोपाल प्रजापति, आतिफ खान, वीरू चौधरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धार्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिवस की शुरुआत अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ हुई

# धर्ममय हुई पिपरिया की धरती: समवशरण व विश्वशांति महायज्ञ का आग़ाज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

ग्राम पिपरिया में इन दिनों आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व संगम देखने को मिल रहा है। ग्रामवासियों के पुण्यों के फलस्वरूप, यहां त्रिदिवसीय समवशरण विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का भव्य आयोजन गुरुदेवों के पावन सानिध्य में आरंभ हो गया है, जिसने पूरे गांव को धार्मिक रंग में सराबोर कर दिया है।

धार्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिवस की शुरुआत अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ हुई। ध्वजारोहणः गुरुदेवों के मंगल सानिध्य में सर्वप्रथम ध्वजारोहण की रस्म अदा की गई। इस दौरान वातावरण 'जयकारों' से गूंज उठा।

इसके उपरांत, महाराज जी के अमृतमय मुखारबिंद से प्रवचन हुए, जिसमें धर्म के मर्म और जीवन के कल्याणकारी मार्ग पर प्रकाश डाला गया। श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धापूर्वक इन वचनों का श्रवण किया। प्रवचन के बाद, मुख्य आकर्षण त्रिदिवसीय सामोशरण विधान का विधिवत आरंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं ने भाग लिया।संध्याकाल में आयोजित आरती में ग्राम के युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। युवाओं ने अत्यंत जोश और भक्ति भाव के साथ श्री जी की आरती की, जिससे पूरा पंडाल ऊर्जा और आध्यात्मिक आनंद से भर गया। यह दृश्य युवा पीढ़ी में धर्म के प्रति बढ़ती श्रद्धा को दर्शाता है।



पिपरिया जैसा एक छोटा सा गांव, जहां इतने बड़े और महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन संपन्न हो रहे हैं, यह निश्चित रूप से ग्राम के समस्त निवासियों के संचित पुण्यों का प्रताप है।

यह आयोजन दर्शाता है कि ग्रामवासियों में धर्म, संस्कृति और सेवा के प्रति गहरी आस्था है। इसी आस्था के कारण उन्हें गुरुदेवों का सानिध्य और ऐसे भव्य अनुष्ठान का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पूरे ग्राम में इस समय धार्मिक माहौल बना हुआ है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ग्रामवासी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और अपनी सेवाएँ समर्पित कर रहे हैं। यह आयोजन ग्राम पिपरिया के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ रहा है।

**खबर संक्षेप**

### मालवा से जूते, दक्षिण एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना बीना की तहसील कुरबाई के बरबाई निवासी अर्पित जैन पुत्र कपिल कुमार जैन ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह 20 अक्टूबर को ट्रेन नं. 12920 मालवा एक्सप्रेस के कोच नं. एम-2 की बर्थ नं. 32 पर दिल्ली से बीना की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना खाकी रंग का पेपर बैग जिसमें जूते कीमत 7 हजार रुपये सीट के नीचे रखकर सो गया। जब उसकी नींद खुली तो ललितपुर रेलवे स्टेशन आने वाला था। उसने देखा कि उसका पेपर बैग गायब था, काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल अंतर्गत थाना टी.टी.नगर के व्यास हॉस्टल, तात्या टोपे स्पो कॉम्प्लेक्स में रहने वाले सुमित यादव पुत्र राममिलन ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 14 अगस्त को वह दतिया से भोपाल की यात्रा ट्रेन संख्या 12722 दक्षिण एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहा था। बताया कि उसने अपना मोबाइल फोन लोवर की जेब में रखा था और कोच में अधिक भीड़ होने के कारण वह खड़ा था। ललितपुर रेलवे स्टेशन आने पर यात्रियों की भीड़ कोच में चढ़ी। थोड़ी देर बाद जब उसने लोवर की जेब में अपना मोबाइल फोन देखा तो फोन गायब था। जीआरपी ने विवेचना शुरू कर दी।

### दौड़ पड़ी भैंस, गले में रस्सी फंसने से युवक की मौत

**ललितपुर।** एक किसान की भैंस के गले में बंधी रस्सी से गला फंसने के कारण मौत हो गई। यह हादसा गुरुवार शाम को हुआ, जब भैंस अचानक दौड़ पड़ी और किसान का गला रस्सी में फंस गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली सदर के अंतर्गत ग्राम पटौराकलां निवासी 25 वर्षीय मंगल पुत्र भुजबल लोधी गुरुवार शाम अपने खेत पर भैंस चरा रहा था। उसने भैंस के गले में बंधी रस्सी का एक छोर अपने गले में डाला हुआ था। इसी दौरान भैंस ने अचानक दौड़ लगा दी, जिससे मंगल रस्सी के फंदे में फंसकर काफी दूर तक घिसटता चला गया। खेत पर काम कर रहे आसपास के परिजनों ने उसे देखा और तुरंत बचाने पहुंचे। हालांकि, तब तक मंगल गंभीर रूप से घायल हो चुका था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे उसका पोस्टमॉर्टम हो सका। मृतक के चचेरे भाई शेर सिंह ने बताया कि मंगल अपने एक बहन और दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री हैं। वह खेती-किसानी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने कहा, मामले की जांच की जा रही है।

### 3 प्रकरणों में आरोपियों पर नकद इनाम घोषित

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने तीन अलग-अलग मामलों में फरार आरोपियों की जानकारी देने वालों के लिए दो-दो हजार के इनाम की घोषणा की है। घोषित इनाम में महिला थाना विदिशा के अपराध के आरोपी कुबेर सिंह निवासी धामनोद थाना सिरोंज के अपराध के फरार आरोपी गंभीर पुत्र उत्तम बागड़ी और कल्ला पुत्र फूलसिंह बागड़ी, तथा शमशाबाद थाना के अपराध अज्ञात आरोपी की सूचना शामिल है।

### बीएलओ रघुवंशी ने 10 दिन में पूरा किया काम

**विदिशा।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में विधानसभा क्षेत्र 146 कुरवाई के मतदान केंद्र क्रमांक 140 गम्भीरिया के बीएलओ एवं प्राथमिक शिक्षक धर्मेंद्र रघुवंशी ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए मात्र 8–10 दिन में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। उन्होंने फॉर्म भरने में भी मदद की।

विरोध में उतरी समाजवादी महिला सभा, जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

# स्मार्ट मीटर और अवैध शराब की समस्याओं के निराकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष राजकुमारी गौतम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से विद्युत स्मार्ट मीटर, अवैध शराब बिक्री और शहर की सड़कों की बदहाल स्थिति से जुड़ी शिकायतें दर्ज की गईं। महिला सभा ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर से मनमाने ढंग से अधिक बिल आ रहा है, जबकि सामान्य मीटर से ऐसी शिकायत नहीं थी। कई उपभोक्ताओं को बिना उपयोग के भी भारी-भरकम बिल थमा दिए जा रहे हैं, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि स्मार्ट मीटरों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि शहर और गाँवों के कई क्षेत्रों में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री हो रही है, जिसे विशेषकर युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि शराब माफियाओं पर कठोर कार्रवाई कर अवैध कारोबार तत्काल रोका जाए।

#### सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब बताई

इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने शहर की टूटी-फूटी सड़कों, गंदगी और नालियों की खराब स्थिति पर भी चिंता जताई। ज्ञापन में विशेषकर नेहरू नगर, सिद्धनपुरा, रामनगर, पिसनारी बाग, जुगपुरा सहित कई क्षेत्रों का उल्लेख किया गया, जहाँ सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब बताई गई।

#### पाइप लाइन की खाइयों को भरवाया जाए

महिला सभा ने यह भी मांग रखी कि जगह-जगह खुदाई कर छोड़ी गई पानी पाइप लाइन की खाइयों को उचित तरीके से भरवाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका समाप्त हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्मार्ट मीटर बंद नहीं किए गए तथा अन्य समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो समाजवादी महिला सभा आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में भावना, नैना, सरोज देवी, प्रेम, मधु, बबीता, सोमेवती, कुसुम, जीरा, उषा, चंद्रा, माया सहित अनेक महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

तालाब की भूमि पर निर्माण

# नागरिकों ने की जांच व कब्जा हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

शहर के मध्य स्थित प्राचीन सुम्मेरा तालाब की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा नेतृत्व में जिलाधिकारी ललितपुर को शिकायत पत्र सौंपते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि जल निकायों की भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और एनजीटी के दिशा-निर्देशों के विपरीत है, फिर भी कुछ लोगों द्वारा तालाब की जमीन पर लगातार अवैध निर्माण किया जा रहा है। तालाब क्षेत्र में बिना किसी स्वीकृति के निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे न केवल तालाब का प्राकृतिक स्वरूप नष्ट हो रहा है, बल्कि जल संचयन व पर्यावरण संरक्षण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार तालाब की भूमि सार्वजनिक (पब्लिक यूज़) के लिए सुरक्षित है, फिर भी नियमों की अनदेखी कर निजी निर्माण कार्य जारी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तालाब की मूल सीमांकन रेखा का पालन नहीं किया जा रहा है और सरकारी संस्थाओं की अनुपस्थिति में अनधिकृत कब्ज़ा बढ़ता जा रहा है। इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है, बल्कि बरसात के समय जलभराव और जल-प्रवाह बाधित होने की आशंकाएँ भी बढ़ रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि तालाब की भूमि का पुनः सीमांकन कराया जाए, अवैध कब्जे और निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए, संबंधित विभागों को स्थल निरीक्षण के निर्देश दिए जाए, उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने आशा जताई कि प्रशासन इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर उचित कदम उठाएगा। इस दौरान राजेश श्रीवास्तव, वेद प्रकाश लिटौरिया, अमित राठौर, चरन सिंह रामनगर, पंकज आदि मौजूद रहे।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हिंदू जोड़ो यात्रा पर सवाल उठाए थे

# बजरंग सेना ने स्वामी प्रसाद का फूंका पुतला



**ललितपुर।** बजरंग सेना संगठन ने जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर के नेतृत्व में सनातन धर्म हिंदुत्व का लगातार विरोध कर रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का बजरंग सेना के सभी पदाधिकारियों ने पुतला जलाया दो दिन पूर्व दौरे पर आए स्वामी प्रसाद मौर्य ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हिंदू जोड़ो यात्रा पर सवाल उठाए थे अपनी प्रेस वार्ता में स्वामी प्रसाद मौर्य ने श्री रामचरितमानस पर एक बार फिर अभद्र टिप्पणी की और बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज होने की बात कही थी जिससे आक्रोशित होकर हिंदूवादी संगठन बजरंग सेना में काफी आक्रोश था जिसको लेकर सभी सभी पदाधिकारी ने तुवन मंदिर से घंटाघर तक स्वामी प्रसाद मौर्य के पुतले को घसीटते हुए लातों जूते से मारते हुए थूकते हुए पुतले को घंटाघर पर जलाया गया।

जिला प्रभारी धर्माचार्य प्रकोष्ठ अटल बिहारी दुबे ने ऐसे नेताओं को देश विरोधी ताकतों का एजेंट बताया ऐसे नेताओं को भारत सरकार को नजरबंद करना चाहिए। नगर अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने भारत देश के सभी हिन्दू नागरिकों से अपील की कि स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेताओं को चुनाव के समय हराकर सबक सिखाना है कि हिन्दू क्या है जिला मंत्री अजय दुबे ने कहा कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर हिन्दू हित में कार्य कर रहे है जो भी नेता उनका विरोध करेगा बजरंग सेना ऐसे ही उसका पुतला दहन करेगी। इस आयोजन में रामकुमार तिवारी, खुशाल समैया, राधे गोस्वामी दीपक, दीपक त्रिपाठी पंडा,सुशील श्रीवास्तव,जयराम सेन, दीपक नायक, अजय दुबे, जितेन्द्र नायक, मनीष दुबे गो पुत्र सेना, कपिल नायक, अनुराग विदुआ, श्याम दीक्षित, मोनू तिवारी,पवन चौबे, आदर्श दुबे, हर्ष श्रीवास्तव, अनुराग पटेरिया, रानू नामदेव, अभिराज पुरोहित, हेमंत वर्मा, विकास मिश्रा, आदर्श जोशी, जयकुमार पंथ, कैलाश कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, शिव कुमार चंदेल, राजेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

# अर्दली रूम के अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड एवं तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में डायल-112, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कंट्रोल रूम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई।

पश्चात डायल-112 के पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता तथा अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा-भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अर्दली रूम का आयोजन कर एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया। विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। एसपी ने परेड में सम्मिलित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार, प्रतिसार निरीक्षक जगदीशचन्द्र व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# जिले के विकास के लिए सितंबर तिमाही वित्त वर्ष 2025-26 में बांटा 173.06 करोड़ का ऋण



**ललितपुर।** वित्त वर्ष 2025-2026 में लक्ष्य 282.31 के सापेक्ष 61.29 प्रतिशत 173.06 करोड़ रुपये ऋण वितरित किया जा चुका है। जिलाधकरी की अध्यक्षता मे आयोजित वैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने इंडियन बैंक, यूनियन बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक एवं आई.डी.बी.आई बैंक को अउढ के सापेक्ष ऋण वितरण न होने व ऋणजमनुपात राष्ट्रीय मानक 60% से भी कम होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं जिले के बाकी बैंकों ने अपने लक्ष्य प्राप्त किये जिस पर अध्यक्ष जी द्वारा संतोष जताया है। सभी बैंकों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी गवर्नमेंट स्पांसर स्कीम को 25 तारीख से पहले निस्तारण करके खत्म करें, क्योंकि सभी स्कीम की स्पेसिफिक समीक्षा सीएम-बोर्ड के तहत की जा रही है। जिले का रैंकिंग खराब न हो, इसके लिए सभी बैंकों को अपनी कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया है। अगर जिले की रैंकिंग खराब होती है, तो संभावित बैंक के उच्च अधिकारियों को इसमें सामिल किया जायेगा।

अध्यक्ष के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में ऋण वितरण योजना वित्त वर्ष 2025-2026 की समीक्षा करते हुए सभी बैंक अधिकारी व सम्बंधित विभाग को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभागों को ऋण वितरण कर वांछित प्रगति सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओ की समीक्षा की जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड, फसली ऋण, प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, उट युवा आदि अन्य सभी को योजना की प्रगति पर जोर देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बैंकर्स को क्रेडिट लिंकेज, सीएम युवा ऋण स्वीकृति के लंबित आवेदन को पूरा करने के लिए निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रंजित कुमार ने सभी जिला समन्वयक को निर्देश दिए कि शाखा मे लंबित ऋण पत्रावलियो को जल्द से जल्द निपटान करें जिससे की जनपद रैंकिंग स्थिति में अतिशीघ्र सुधार हो सके एवं उ. प. शासन द्वारा संचालित स्वरोजगारपूरक एनआरएलएम रलक्ष्, ढट स्वनिधी योजना सहित योजनाओं के अंतर्गत अधिक संख्या में पात्र को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। बैठक में रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि विशाल यादव, अतिरंजन सिंह जिला विकास अधिकारी, यशराज सिंह उप कृषि निर्देशक, राजीव कुमार जिला कृषि अधिकारी, जमाल अख्तर ऊकउ, सलिल अर्कवंशी मुकेश पटेल, सतीशचन्द्र, फरएळक एवं विभिन्न बैंकों के जिला सम्न्बयक, जिला स्तरीय अधिकारी मोजूद रहें। जिला न्यायालय के निर्देशानुसार, सभी बैंक एनपीए रिकवरी अभियान हेतु आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13 दिसंबर को मद्देनज़र रखते हुए अधिक से अधिक नोटिस संबंधित उधारकर्ताओं को प्रेषित करें तथा बैंक नियमों के अनुसार अधिक से अधिक प्रकरणों का ओटीएस/कम्प्रोमाइज़ के तहत निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

मेडीकल कॉलेज में सर्जरी शुरू

# डॉक्टरों की टीम ने निशुल्क बुजुर्ग के मुंह के कैंसर का जटिल ऑपरेशन किया



**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सकों की एक टीम ने प्राचार्य डा. मयंक शुक्ला के नेतृत्व में एक बुजुर्ग पुरूष के मुंह के कैंसर का निशुल्क जटिल ऑपरेशन कर उसे जीवन जीने का दूसरा मौका दिया। यह जिले में हुई इस तरह की पहली सर्जरी है, जिसने साबित कर दिया है, कि अब मुंह के कैंसर का इलाज इस छोटे शहर में भी संभव है। जिले के ग्राम मगरपुर निवासी 72 वर्षीय हनुमंत, जो पिछले कई महीनों से मुंह में एक छाले से, जो लगातार बढ़ रहा था एवं दर्द से परेशान थे। उन्होने कई डॉक्टरों से संपर्क किया, लेकिन हर जगह उन्हे यह सलाह मिली की इस गंभीर समस्या का इलाज सिर्फ बड़े शहरों में ही हो सकता है। आर्थिक तंगी के कारण उनका परिवार कहीं ओर जाने में असमर्थ था। निराशा के इस दौर में मरीज को उम्मीद की एक किरण तब दिखी जब वह मेडिकल कॉलेज पहुंचे, यहां दंतरोग विभाग में तैनात मैक्सिलोफेशियल सर्जन डा.दीपिका कुमारी जैन ने गांठ की जांच की और पाया कि यह मुंह की गांठ कोई सामान्य गांठ नही थी। यह कैंसर की गांठ थी, जिसके लिए तुरन्त ऑपरेशन की जरूरत थी। विभागाध्यक्ष डा.प्रियंका गुवरैले के साथ डॉक्टरों की टीम में मुख्य सर्जन डा.दीपिका कुमारी जैन, सहायक सर्जन डा.कोकिल, डा.रितुल ने सर्जरी को सफलतापूर्वक किया। साथ में नर्सिंग स्टाफ प्रभा, दीप्ति एंव राजेन्द कुशवाहा शामिल रहे। डा.दीपिका ने फेशियल प्लास्टिक सर्जरी से चेहरे की चमड़ी से गाल का पुनः निर्माण भी किया।

किसान कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# दो दिन तक चला किसानों का चक्काजाम कलेक्टर के हस्तक्षेप से हो सकी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पिछले दो दिनों से अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे किसानों के साथ लगातार दुर्व्यवहार और अव्यवस्थाओं के चलते विदिशा मंडी में भारी हंगामा हुआ।

भारी आवक के चलते बुधवार को कुछ ट्रालियों को छोड़ दिया गया था। लेकिन गुरुवार को अमावस्या का अवकाश होने से नीलामी बंद रहती है। मंडी में लाइन में लगे किसानों का सब्र उस समय टूट गया जब एक दुकान पर तौल होते हुए देखी। किसानों ने मंगलवार को चक्काजाम कर दिया। इसके बाद प्रशासन के हस्तक्षेप से अमावस्या का अवकाश होने के बावजूद मंडी में नीलामी करा दी गई। सामान्य दिनों में जहां छह लाइनों की नीलामी होती थी। लेकिन बुधवार को करीब 80–90 ट्रॉलियों की उपज बिना बिके मंडी में ही पड़ी रह गई। थी। बुधवार को ही किसानों ने मंडी समिति से खरीदी करवाने की मांग की। यह कहते हुए कि बोवनी का समय होने से खाद–बीज खरीदना है। साथ ही विवाह का सीजन चल रहा है। ऐसे में कई दिन तक मंडी में रुकना संभव नहीं है। शिकायतों के बावजूद मंडी समिति से कोई समाधान न मिलने पर बुधवार को किसानों ने किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में चक्काजाम किया था। लगभग तीन घंटे के जाम के बाद एसडीएम और मंडी सचिव ने आश्वासन दिया कि अगली सुबह 10 बजे तक व्यापारियों से चर्चा कर खरीदी शुरू करवाई जाएगी। लेकिन बुधवार सुबह 11 बजे तक भी कोई कार्रवाई न होने पर किसानों ने पुनः चक्काजाम कर दिया। स्थिति गंभीर होती देख कलेक्टर के आदेश पर अमावस्या के दिन भी खरीदी शुरू कराई गई। किसानों का आरोप था कि जब नीलामी रोक दी गई थी, तब कुछ व्यापारी मंडी परिसर में ही बिना पर्ची के खरीदी करने लगे थे। किसानों ने इसका वीडियो बनाकर मंडी समिति को दिखाना पड़ा।

कॅरियर मार्गदर्शन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# विद्यालय स्तर पर रोल आउट करने में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिला विद्यालय निरीक्षक सभागार में 20-21 नवंबर को दो दिवसीय गैर आवासीय कॅरियर मार्गदर्शन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारम्भ ओम प्रकाश जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर की अध्यक्षता में प्रारम्भ किया गया।

कॅरियर गाइडेन्स प्रशिक्षण दिनेश कुमार, सहायक अध्यापक राहा वीर एवं मुकेश कुमार सहायक अध्यापक राइंका ललितपुर ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के नोडल शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं प्रधानाचार्यों उपस्थित हुये। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालयों में कॅरियर मार्गदर्शन की रूपरेखा, उसमें प्रधानाचार्य की मुख्य जिम्मेदारियों, तथा इसे विद्यालय स्तर पर रोल आउट करने में आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को जीवन कौशल, तमन्ना टेस्ट, कॉमिक पुस्तकों की अहमियत तथा विद्यार्थियों की रुचि व योग्यता के आकलन से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्कूल स्तर पर प्रभावी कैरियर गाइडेंस व्यवस्था स्थापित करना और प्रधानाचार्यों व नोडल शिक्षकों को इसके सफल क्रियान्वयन हेतु सक्षम बनाना था। दोनों दिवसों की गतिविधियाँ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं और प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी एवं मार्गदर्शक बताया। प्रशिक्षण के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर एवं वित्त एवं लेखाधिकार कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया और साथ में अपने बहुमूल्य विचारों से अवगत कराते हुए कैरियर मार्गदर्शन से संबंधित उत्तम उदाहरण के साथ हमें इसकी अहमियत को समझाया।



## प्रशासन ने शासन को भेजा रिमांइडर पत्र, एसडीएम श्रीवास्तव ने दिया था आश्वासन

# कल या परसो डाली जा सकती है किसानों के खातों में मुआवजा राशि!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लगभग 25 दिन पूर्व बे मौसम हुई बारिश से फसल की क्षति पूर्ति मुआवजा राशि वितरण को लेकर असमंजस की स्थिति लगातार बनी हुई है। हालांकि प्रशासन इस मामले में हमेशा ही मुआवजा देने का आश्वासन देता रहा है लेकिन मुआवजा वितरण में देरी होने से किसान विचलित जरूर दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों की माने तो सोमवार या मंगलवार को प्रभावित किसानों के खातों में राशि डाली जाना शुरू कर दी जाएगी। ज्ञात हो कि शुक्रवार को एसडीएम बीपी श्रीवास्तव ने विधायक बाबू जंडेल के धरने पर पहुंच कर किसानों को आश्वासन दिया था कि प्रशासन एक-दो दिनों में ही किसानों के खातों में मुआवजा राशि डलवा देगा। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद विधायक जंडेल ने भूख हड़ताल खत्म की थी।

मुआवजा राशि को लेकर प्रशासन भी सख्त हो गया है, जो प्रशासन बे मौसम बारिश के बाद से ही क्षतिग्रस्त फसल के सर्वे करने को लेकर सक्रिय दिखाई दिया कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर डेढ़ सैकड़ा के करीब अधिकारी राजस्व और कृषि विभाग के अमले द्वारा किए जाने वाले सर्वे में सहयोग करते देखे गए युद्ध स्तर पर क्रॉप कटिंग के माध्यम से किए गए सर्वे के बाद नुकसान का आंकलन कर प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि दिलाने के लिए शासन को पत्र भी भेज दिया गया लेकिन राशि नहीं आने के पीछे कारण शासन की ओर से देरी होना बताया गया है, सूत्रों की माने तो प्रशासन भी इस मामले में अड़ा हुआ था प्रशासन की ओर से विधायक बाबू जंडेल को धरना समाप्त करने की बात कही जा रही थी लेकिन विधायक धरना समाप्त करने के बजाए बाद में भूख हड़ताल पर बैठ गए प्रशासन ने भी इसे मान सम्मान से जोड़कर देख लिया और जो रिमाइंडर लेटर शासन को भेजा जाना था शायद उसे भेजने में इसलिए ही देरी की गई। प्रशासनिक सूत्रों से पता तो यह भी चल रहा है कि रिमाइंडर लेटर भेजने के तत्काल बाद शासन की ओर से संबंधित किसानों के खातों में राशि डाली जाना शुरू कर दी जाएगी और यह रिमाइंडर पत्र अब शायद प्रशासन ने दोबारा भेज भी दिया है। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि सोमवार या मंगलवार तक किसानों के खातों में राशि डाले जाना शुरू हो सकता है।



### कांग्रेस का दवाब, प्रशासन आगे नहीं चाहता आंदोलन

अब विधायक बाबू जंडेल और कांग्रेस ने अपना धरना समाप्त कर दिया है और भूख हड़ताल तोड़ दी है ऐसे में प्रशासन को बिना किसी शर्तो पर किसानों को मुआवजा वितरण करने के लिए खुली छूट मिल गई है प्रशासन अपने स्तर पर बिना किसी दबाव के उन किसानों को मुआवजा वितरण कर सकता है जिनकी फसलें बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई हैं। इस मामले में शासन प्रशासन इसलिए भी देरी नहीं करना चाहेगा क्योंकि श्योपुर पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोषणा की है कि अगर 1 दिसंबर तक मुआवजा किसानों के खातों में नहीं डाला तो कांग्रेस के सभी विधायक विधानसभा में धरना देंगे और विधानसभा के करवाई तब तक नहीं चलने दी जाएगी जब तक किसानों के खाते में मुआवजा नहीं डलेगा। शासन को मुआवजा डालना ही है इसलिए वह और किसी आंदोलन को शायद झेलने को तैयार नहीं होगी। प्रशासनिक सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार या मंगलवार से किसानों के खातों में मुआवजा राशि डाली जाना शुरू हो जाएगी।

### नरेंद्र सिंह तोमर भी आ सकते हैं श्योपुर

हालांकि प्रशासन ने किसानों के खातों में मुआवजा राशि डाले जाने की तैयारी कर ली है और वह कभी भी किसानों के खातों में मुआवजा राशि डालना शुरू कर सकता है लेकिन स्थानीय भाजपा नेता इस तरह सीधे किसानों के खातों में गुपचुप राशि डाले जाने के बजाय समारोह आयोजित कर राशि डाले जाने के फेवर में हैं। स्थानीय भाजपा नेता इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के संपर्क में है सूत्रों की माने तो नरेंद्र सिंह तोमर श्योपुर पहुंचकर किसानों को मुआवजा राशि के प्रतीकात्मक चेक वितरण कर सकते हैं नरेंद्र सिंह तोमर के श्योपुर पहुंचने से जहां भाजपा नेता तो संतुष्ट होंगे ही साथ ही किसान भी इस बात को लेकर आश्वास्त हो जाएंगे कि उनके खातों में राशि डालें जाने में प्रशासन या राजस्व हमला कोई गड़बड़ी नहीं करेगा। लेकिन नरेंद्र सिंह तोमर भी इन दिनों एक दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र की तैयारी में जुटे हुए हैं ऐसी स्थिति में वह सांसद शिवमंगल सिंह तोमर को मुआवजा चेक वितरण के लिए भेज सकते हैं।

## श्योपुर बड़ौदा हाईवे पर हुआ हादसा, पुलिस ने मर्ग दर्ज शुरू की जांच

# मायके से ससुराल आ रही महिला बाइक से गिरी, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर बडौदा हाइवे पर एक महिला उस समय बाइक से गिरकर घायल हो गई,जब वह राजस्थान स्थित अपने मायके से अपनी ससुराल सेमल्दाहवेली आ रही थी। हादसे में घायल हुई महिला को इलाज के लिए राजस्थान ले जाया गया,जहां इलाज के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गई। वहां से मर्ग डायरी आने पर आवदा थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि ग्राम सेमल्दा हवेली निवासी महिला कामना बाई पत्नी सूरज आदिवासी बीते रोज अपने मायके राजस्थान से पति के साथ बाइक पर सवार होकर सेमल्दा हवेली के लिए आ रही थी,तभी चंद्रपुरा के पास महिला अचानक बाइक से नीचे गिर गई और सिर में चोट लगने से गंभीर घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल से रैफर कर दिया गया। राजस्थान के अस्पताल में इलाज के लिए ले जाने पर महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मर्ग डायरी प्राप्त होने पर मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# शिक्षा में विश्वास का नवाचार, अभिभावकों ने भी जांची विद्यार्थियों की परीक्षा कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



सांदीपनि विद्यालय श्योपुर के प्रिंसिपल अशोक खंडेलवाल ने शिक्षा में विश्वास का नवाचार जागृत करते हुए अर्धवार्षिक परीक्षा की कॉपियों का अवलोकन अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों को भी करवाया जो पारदर्शिता की अनूठी मिसाल भी रही।

शिक्षा में पारदर्शिता और मजबूत अभिभावक–विद्यालय समन्वय की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में कक्षा 9, 10, 11 और 12 के विद्यार्थियों की अर्धवार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का अभिभावक–अवलोकन सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों ने विद्यालय पहुँचकर अपने बच्चों की परीक्षा कॉपियाँ देखीं, जिनमें विद्यार्थियों के प्रदर्शन, विषयवार प्राप्तांक, शिक्षकों की टिप्पणियाँ और सुधार हेतु सुझाव स्पष्ट रूप से दर्ज थे। विद्यालय द्वारा आयोजित इस पहल ने न केवल विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति गंभीरता बढ़ाई, बल्कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति जानने का अवसर प्रदान किया।शिक्षकों ने अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर कमज़ोर विषयों, आगामी तैयारी की रणनीति और करियर–मार्गदर्शन पर विस्तार से चर्चा की। अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन की इस पारदर्शी व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में उत्तरदायित्व और अनुशासन को बढ़ाती हैं। विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे, ताकि अभिभावकों और विद्यालय के बीच संवाद और मजबूत हो सके तथा विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक यात्रा में निरंतर सहयोग मिलता रहे।

# अतुल चौहान के घर शोक संवेदना जताने पहुंचे पीसीसी अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल चौहान की माताजी एवं पूर्व विधायक स्व सत्यभानु चौहान की धर्मपत्नी के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह राज्यसभा सांसद अशोक सिंह कई विधानसभाओं के विधायक उनके निवास पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

# सपा ने मनाई मुलायम सिंह की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व मुलायम सिंह यादव की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को आस्था पूर्वक मनाते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

श्री हजारेश्वर पार्क में एकत्रित हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुलायम सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष सरदार मुख्तियार सिंह ने कहां कि उन्होंने हमेशा गरीबों, शोषितों, वंचितों, किसानों, मजदूरों की लड़ाई लड़ी। भले ही वह आज हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनके विचार आज भी जीवित हैं। देश को इस समय समाजवाद की जरूरत है जो समाजवादी पार्टी ही दे सकती है। इस दौरान पार्टी महासचिव राम सिंह जाट ने मुलायम सिंह यादव को किसानों का सच्चे हितैषी बताते हुए उन्हें धरती पुत्र करार दिया। इस अवसर पर मकसूद खान, परशुराम कोहली, चिरगूउद्दीन चिराग, बब्बू खान, परमिंदर सिंह, देवी शंकर गुर्जर, जगदीश मारू, कैलाश बंजारा, दीपक गुर्जर, यूसुफ पठान, जीवन लाल बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।



# अंतर विद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता केवीएस ने दी सेंट पयस को मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चैंपियंस एकेडमी के रेड बॉल टूर्नामेंट का आज चौथा व 5वां मैच हुआ। केवीएस की टीम ने सेंट पयस स्कूल की टीम को 25 रन से शिकस्त दी। वहीं ढोढर टीम ने 126 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

चौथे मैच में केवीएस की टीम ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग चुनी और 130 रन रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया इनमें पृथ्वी ने 38 व त्रिवेंद् ने 34 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट पयस की टीम सिर्फ 105 रन बनाकर आउट हो गई, ओर केवीएस ने यह मैच 25 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच रचित शर्मा ने पर्पल कैप हासिल की । पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी देवेंद्र सिंह सिकरवार मैच में मुख्य अतिथि रहे। पांचवे मैच में ढोढर टीम ने टॉस जीत कर गेंदबाजी चुनी केवीएस ने पृथ्वी के 47 रन की बदौलत 179 रन बना कर ढोढर टीम को महज 53 रन पर किया ढेर हो गई। रचित ने 4 तो धीर ने 3 विकेट हासिल किए। मेन ऑफ़ द मैच रहे पृथ्वी को ऑरेंज कैप पहनाई गई।



# कॉलेज में मानव श्रंखला बनाकर दिया एसआईआर जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन मे शासकीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर मे स्वीप गतिविधि के अन्तर्गत मानव श्रंखला बनाकर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान मे जागरूकता का संदेश दिया गया।

# जीजा ने पत्नी और बेटे के साथ मिलकर साली को पीटा,केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद के दौरान एक जीजा अपनी पत्नी और बेटे के साथ मिलकर अपनी साली की मारपीट कर दी। यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दोर्द का है। पुलिस ने जीजा,साली और उनके बेटे पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि ग्राम दोर्द निवासी रेवती पत्नी तारा सिंह कुशवाह की दोर्द में ससुराल है और उसकी बडी बहन गीता कुशवाह की ससुराल भी इसी गांव में है। बीते रोज पुरानी रंजिश को लेकर इन दोनो बहनों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि रेवती कुशवाह की उसके जीजा रतिराम, बहन गीता और बहन के लडके संदीप ने मिलकर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान रेवती चोटिल हो गई। पुलिस ने रेवती की रिपोर्ट पर जीजा और बहन समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# श्योपुर और बड़ौदा में समारोहपूर्वक मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




अंग्रेजी हुकूमत की गुलामी स्वीकार नहीं करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपना नाम जिस तरह भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अमर किया है इस तरह झलकारी बाई ने भी अपने प्राणों को रानी लक्ष्मीबाई पर न्योछावर कर देश के लिए न सिर्फ बलिदान दिया है बल्कि उन्होंने हमेशा हमेशा के लिए कोली महावर समाज का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है। ऐसी वीरांगना को कोली महावर समाज हमेशा नमन करता रहेगा यह बात शनिवार को सलापुरा स्थित छात्रावास में झलकारी बाई की जयंती के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में छात्रावास समिति अध्यक्ष रामकिशन माहौर ने उनके जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कहीं। इस दौरान बड़ौदा में भी झलकारी बाई की जयंती मनाई गई। जिला मुख्यालय में सलापुरा स्थित कोली माहौर समाज छात्रावास में झलकारी बाई की जयंती पर सजातीय बंधुओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कोली माहौर छात्रावास समिति द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सजातीय बंधुओं ने झलकारी बाई के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए समाज सुधार के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान छात्रावास समिति के अध्यक्ष रामकिशन माहौर, कोषाध्यक्ष रमेशचंद माहौर, महामंत्री रामरतन माहौर, परमानंद माहौर, बाबूलाल माहौर, द्वारिका प्रसाद माहौर आदि मौजूद रहे। उधर बड़ौदा में कोली-माहौर समाज ने छात्रावास मैदान (कुंड बागर) पर झलकारी बाई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सजातीय बंधुओं ने वीरांगना को श्रद्धांजलि दी। उनके जीवन वृत पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्रावास समिति के अध्यक्ष रणवीर माहौर, गोविंद माहौर, मनीष माहौर आदि मौजूद रहे।

## ऐंता में आंवटित जमीन को निरस्त न करने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# सीएम की घोषणा चिमलवानी में बनेगा सब स्टेशन प्रशासन ने एता में आंवटित की जमीन, विफरे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम चिमलवानी के लिए स्वीकृत किए गए बिजली सब स्टेशन के निर्माण को लेकर चिमलवानी के ग्रामीण विफर गए है। दरअसल मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा साल पहले ग्राम चिमलवानी में नवीन बिजली सब स्टेशन बनाए जाने की घोषणा की गई थी। जिसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा बिजली सब स्टेशन बनाए जाने के लिए जमीन का आवंटन कर दिया गया है। लेकिन जमीन का आंवटन चिमलवानी गांव की जगह पडौसी ग्राम पंचायत के एता गांव में किया गया है। ऐसे में ग्रामीण प्रशासन पर आरोप लगा रहे है कि प्रशासन चिमलवानी की जगह एता गांव में जमीन का आवंटन करके न सिर्फ सब स्टेशन निर्माण की जगह बदल रहा है,बल्कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की घोषणा की भी अनदेखी कर रहा है। जिसे बर्दाश नहीं किया जाएगा और इसके विरोध में आंदोलन किया जाएगा।

यहां बताना होगा कि पिछले साल मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आए थे। उस समय उनके द्वारा श्योपुर जिले में चार नए बिजली सब स्टेशन चिमलवानी, विजयपुर, बलवानी और लहरौनी में बनाए जाने की घोषणा की गई थी। चिमलवानी गांव के लोगो ने बताया कि सीएम की इस घोषणा के बाद से पूरे चिमलवानी गांव सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड गई। क्योंकि उनकी यह वर्षो पुरानी मांग मुख्मंत्री के द्वारा पूरी की गई है। क्योंकि इस मांग के पूरी होने से उनकी बिजली की समस्या का स्थाई रूप से समाधान हो जाएगा।



### जमीन आंवटित करते ही विरोध में उतरे ग्रामीण,बोले करेंगे चक्काजाम

सीएम की घोषणा के पालन में जिला प्रशासन के द्वारा चारो स्थानों बिजली सब स्टेशन बनाए जाने के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है। लेकिन चिमलवानी गांव के लिए स्वीकृत किए गए सब स्टेशन के लिए जमीन चिमलवानी गांव की जगह सारंगपुर ग्राम पंचायत के एता गांव में एक हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। जिसके बाद चिमलवानी गांव के ग्रामीण विफर गए है। ग्राम पंचायत चिमलवानी के सरपंच सहित अन्य कई ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर अर्पित वर्मा सहित प्रदेश के ऊर्जा मंत्री तक भेज दी गई है। शिकायत में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन पर मुख्यमंत्री द्वारा उनके गांव के लिए दी गई बिजली सब स्टेशन की सौगात दूसरे गांव में पहुंचाए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली सब स्टेशन के लिए एता में आंवटित की गई जमीन को निरस्त करते हुए चिमलवानी गांव में ही जमीन का आंवटन किया जाए। ऐसा नहीं होने पर चिमलवानी गांव सहित आसपास के गांव के लोग चक्काजाम करते हुए प्रशासन की इस कवायद का जोरदारी से विरोध करेंगे।

### इनका कहना है....

मुख्यमंत्री हमारे गांव में बिजली सब स्टेशन बनाए जाने की घोषणा कर गए है,लेकिन प्रशासन ने सब स्टेशन बनाने के लिए एता गांव में जमीन का आवंटन कर दिया। जिससे साफ लग रहा है कि प्रशासन जानबूझकर सब स्टेशन की सौगात को हमारे गांव से छीनकर दूसरे गांव को प्रदान करने का अनुचित प्रयास कर रहा है। जिसे हम सफल नहीं होने देगे और सडक पर उतरकर इसका विरोध करेगे।

**दाताराम यादव**
**सरपंच ग्रापं चिमलवानी**

जब सीएम के द्वारा चिमलवानी के लिए सब स्टेशन आंवटित किया है तो फिर प्रशासन ने उसके निर्माण के लिए जमीन चिमलवानी की जगह ऐंता गांव में क्यों आवंटित की गई है। जो समझ से परे होने के साथ सरासर अनुचित भी है। जिसका हम विरोध करते है और मांग करते है कि एता में आवंटित जमीन को निरस्त करते हुए चिमलवानी गांव में जमीन का आवंटन किया जाए।

**लवकुश यादव फौजी**
**जिला अध्यक्ष ओबीसी जन कल्याण संघ**

बिजली सब स्टेशन के लिए एता गांव में जमीन का आवंटन तो हुआ है,लेकिन ग्रामीण इसका विरोध क्यों कर रहे है,इसकी जानकारी नहीं है। इसकी जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**अभिषेक मिश्रा**
**एसडीएम,विजयपुर**

## गाय के बछड़े की ऑस्टियोटॉमी सर्जरी कर रचा इतिहास

# विकृत अंगों के साथ पैदा हुए बछड़े का ऑपरेशन कर दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अभी तक आपने टेढ़े-मेढ़े अंगों की सर्जरी (ऑस्टियोटॉमी) जिसमें हड्डी को काटा और फिर से आकार दिया जाता है। आपने इंसानी बच्चों में ही देखी होगी जिन्हें मुस्कान अभियान के तहत भोपाल भेज कर आपरेशन कराए जाते हैं लेकिन जानवरों के बच्चों के भी इस तरह के ऑपरेशन किए जाते हैं ऐसा कम ही सुना होगा लेकिन जिला मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय में डॉक्टर ऐसे आपरेशन आए दिन करते रहते हैं, ऐसा ही आपरेशन शल्य चिकित्सक डॉ सचिन उपाध्याय ने शनिवार को गाय के एक दिन पहले जन्मे बछड़े का कर उसे दौड़ने लायक बनाकर हेरत अंगेज कारनामा अंजाम दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम राडेप में हेमंत जाट की गिर नस्ल की गाय ने शुक्रवार को एक बछड़े को जन्म दिया जो पैदा होने के कई घंटे बाद भी मां का दूध पीने के लिए खड़ा नहीं हो पा रहा था। हेमंत ने वीडियो कॉल कर डॉ सचिन उपाध्याय से परामर्श मांगा जिस पर डॉ उपाध्याय ने बताया कि इसके पैर विकृत मुड़े हुए हैं जिसे ऑपरेशन कर ठीक किया जा सकता है। शनिवार को बछड़े का मालिक बछड़े को लेकर जिला अस्पताल पहुंच गया जहां डॉक्टर सचिन उपाध्याय ने अपने सहयोगी डॉक्टर महेश सिंह के साथ मिलकर शल्य चिकित्सा कर बछड़े को चलने लायक बना दिया जो बछड़ा गोद में आया था वह ऑपरेशन करने के बाद पैदल चलने लगा डॉक्टर का कहना है कि चार-पांच दिनों में बछड़ा सामान्य बछड़ों की तरह चलने फिरने और दौड़ने लगेगा और आगे उसके पैर भी उसी तरह मूवमेंट करने लगेंगे जैसे अन्य बछड़ों के होते हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले में सडक दुर्घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गए है जिसमें जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम लखेरी बसारती निवासी सोनी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात टीवीएस बाईक के चालक ने नई मण्डी के सामने अपनी बाईक को तेजी और लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिले के देहात थाने के अंतर्गत अनीता अहिरवार निवासी चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है अज्ञात सफेद रंग की बुलेरो कार ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के अनेक प्रकरण किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिसमें जिले की ईसागढ पुलिस ने भगवान पुर निवासी गुरमेंज सिक्ख के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने सतनाम सिंह सिक्ख निवासी सेमरखेडी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### 55 वर्षीय ग्रामीण की हुई रेल से कटकर मौत

**अशोकनगर।** स्थानीय नौघरा कॉलोनी के पास रेलवे लाईन पर एक व्यक्ति का शव कोतवाली पुलिस ने बरामद किया है जिसकी पहचान सालीग्राम पुत्र अजीत सिंह कुशवाह उम्र 55 साल निवासी ग्राम सहोदरी के रूप में की गई है। वर्तमान में वह यादव कॉलोनी अशोकनगर में रहता था। घटना स्थल पर एक साईकिल भी मिली है बताया गया है कि वह चाट की दुकान लगाता था, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दियाधरी नि. जितेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल, रणवीर, सत्यवीर, और सुखवती लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुरिया नई नि. राकेश बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संतोष बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुटेरा निवासी राजेश अरिहवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रमेश और सुरेन्द्र केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात व्यक्ति ने रेल से कटकर आत्म हत्या की

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत गुन्हेरू बामौरी पिपरई गांव स्टेशन पर पोल क्रमांक 1019/04 पर कोई अज्ञात व्यक्ति वहां से निकल रही ट्रेन के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### एक मंच पर पहली बार 14 दीक्षाएं मुनिश्री सुधासागर के द्वारा दी जाएंगी

# थूवोनजी में 23 नबंवर जैनेश्वरी दीक्षाओं के लिए लिखेगा 12 ब्रम्हचारी भैया के साथ ही छुल्लक भी लेंगे दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में एक हजार वर्ष के बाद परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के द्वारा एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। इस नए इतिहास के साक्षी हजारों लोग होगें जब मुनि श्री सुधासागर जी महाराज 14 दीक्षाएं एक साथ प्रदान करेगें। यह पल थूवोनजी की धरा पर एक नया इतिहास रचेगा। दीक्षा लेने वाले ब्रम्हचारी भैया के जीवन में भी थूवोनजी हमेशा उनके मुनि जीवन के लिए हमेशा यादगार रहेगा।

विजय धुर्रा जैन समाज अशोकनगर के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि सैकड़ों वर्षों के बाद अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है जब निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज संघ में विद्यमान क्षुल्लक श्री वरिष्ठसागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री विदेह सागर जी महाराज को सबसे पहले जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान करेंगे। इस हेतु दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी सभी प्रकार की अति भव्य तैयारियों में जुट गया है। दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन अनिल बंसल डॉ जितेन्द्र जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर अक्षय अमरोद समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद सहित प्रमुख जनों ने सभी से उपस्थित रहने का निवेदन किया है।





इस दौरान मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि विश्वास किसी पर करना नहीं और विश्वास के बिना जिंदगी चलने वाली नही है। तब परस्पर दो विरोधी तत्व विद्यमान रहते हैं तब अनेकता धर्म की ओर हमें ध्यान देना होगा। एक नैमैतिक विरोध होता रहा एक त्रिकाली विरोध होता है यहां तक कि आपातकाल भी कोई और नहीं कर सकता। जैसे आंख का काम कान नहीं कर सकते चाहे आपको दिखे या न दिखे जैसे ज्ञान का काम दर्शन नहीं कर सकता दर्शन का काम ज्ञान नहीं कर सकते। यह एक होते हुए भी परस्पर विरोधी है सर्द वाद के माध्यम से सारी व्यवस्था बनी है ऐसे ही जिंदगी में बहुत सारी व्यवस्था बनी है परस्पर विरोधी एक सुख देता है एक दुःख देता है एक लाभ एक हानि पहुंचता रहता है। आप लाख सोचते रहे असाता साता में बदल जाये नहीं हो सकता हमें असाता यानी दुःख में भी दुखी नहीं होना है। सुख समझना साधु पुण्य का उदय भोगना नहीं चाहता उसे विष के समान दिखाई देता है वह अपनी साधना से इन भोगों से विरक्त हो जाता है ज्ञानी कहता है यह विष मिश्रत पकवान है।

**यह ब्रम्हचारी भैया लेंगें जैनेश्वरी दीक्षा** 1 अक्षय जैन पिता का नाम अशोक जैन, माता अनीता जैन भाइ अभिषेक,बहन अनुश्री, जन्मतिथि 11/10/1998, स्थान अभाना जिला दमोह (मऊ) शिक्षा-बीए शास्त्री, बीएड- विद्वान अक्षय शास्त्री सांगानेर (2015-2020) शिक्षा स्थान श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर एवं भी दिगम्बर जैन आचार्य कॉलेज सांगानेर,पूर्व व्रत-26 अप्रैल 2025 पटेरा, जिला दमोह निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधा सागर संघ प्रवेश 10 मई 2025 (अक्षय तृतीया) दमोह।

2 अतिशय जैन पिता जिनेन्द्र कुमार जैन माता वन्दना जैन बहन स्तुति जैन,रचित जैन भाई अझत जैन जन्म दिनांक 9/6/2002, जन्म स्थान सागर मध्य प्रदेश) शिक्षा बीए संस्कृत, एमए आचार्य (सिद्धान्त्र शास्त्री श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर , प्रतिष्ठाचार्य सांगानेर जयपुर, 2018-2023) शिक्षक महावीर पब्लिक स्कूल जयपुर। बाल ब्रह्मचारी विद्यासागर महाराज 2014 विदिशा 3 महीना का हुआ। पूर्ण व्रत-निर्यापक श्रमण मुनिश्री सुधासागर की प्रेरणा और आशीर्वाद से, संघ में प्रवेश।

3 नाम अक्षय मनोरिया जन्म स्थान ललितपुर (उ.प्र.) जन्म तारीख 15/05/1983 अक्षय पिता राकेश मनोरिया, माता आशा मनोरिया, परिवार बने दो बड़े भाई,1 विकास मानोरिया (बैंगलोर) 2 विक्रम मानोरिया गुड़गाँव),छोटाभाई विक्रम मानोरिया, श्री विद्यासागर जी महाराज जी से संघ प्रवेश 8 जुलाई 2024 (कटरा-बजार सागर)

4 कमलेश कुमार जैन पिता का नाम टीकमचन्द जैन माता का नाम विद्या देवी जैन,भाई (बड़े) 2 राकेश जैन, मुकेश जैन बहिन पिंकी जैन,जन्म स्थान घूँघनरी (जन्म केकड़ी में हुआ) जन्म 10-02-1987 पता ग्राम घूँघनरी, तहसील केकड़ी, जिला- अजमेर। 12 साल अध्यापक के पद पर पदस्थ रहे।

5 आशु जैन जन्म स्थान जबलपुर (म.प्र.) जन्म 26.06.1999 पिता नेमचंद जैन माता देवी जैन परिवार में बड़ा भाई शुभम जैन शिक्षा व्यवसाय संघ प्रवेश 19 अगस्त 2024 सागर भाग्योदय तीर्थ

6 अंकुर जैन जन्म स्थान धुबड़ी, आसाम जन्म-05/02/1993 माता संगीता जैन पिता-पवन कुमार जैन बहन-सुरभी जैन भाई-अतीश जैन शिक्षा सिविल इंजीनियर नौकरी फेडरल बैंक में 3 साल (2015-2017 भारत सरकार, रक्षा लेखा विभाग, 6 साल रक्षा मंत्रालय (जल) (2018-2024) आजीवन व्रत 17 अगस्त 2024 संघ प्रवेश- 04 सितंबर 2024 सागर, भाग्योदय।

7 नाम मोनू जैन जन्म स्थान चरगवाँ (जबलपुर (म०प्र०) जन्म 15/06/1986 माता मुन्नी जैन पिता विजय कुमार जैन बहन सीमा जैन भाई संघस्थ सोनू, जितेन्द्र जैन ज्योत शिक्षा सांगानेर से शास्त्री बीए संस्कृत से आचार्य एमए एमएडी बीएड सूरत गुजरात से सीए व्यवसाय-सीए जबलपुर।

8 सोनू जैन जन्म स्थान जबलपुर म.प्र. जन्म 05/06/1985 माता गुन्नी जैन पिता विजय कुमार जैन बहन स्वर्गिय, सीमा जैन भाई मोनु जैन जतेन्द्र कुमार जैन ज्योति जैन, पारस, पर्वशिक्षा बीए एमएमए (हिन्दी अंग्रेजी) व्यवसाय शासकीय स्कूल मे शिक्षक, 2004 - 2024 वर्षो तक आचार्य श्री के आर्शिवाद से-विद्या कोचिंग क्लास तक की शिक्षा विशेषता जिसमे गरीब बच्चो को 12 तक सभी विषयों में निशुल्क शिक्षा दी।

9 सयंम जैन जन्म स्थान अहमदाबाद गुजरात जन्म 21/10/2000 पिता संदीप कुमार जैन माता मोनिका जैन शिक्षा बीटेक (मिकेनीकल इंजिनीयर) व्यवसाय-टाटा मोटर में जूनियर इंजीनियर (2019-2022) तक

10 अंकित जैन पिता अनिल कुमार जैन माता सुषमा जैन भाई डॉ. सौरभ जैन डॉ शिवम्-जैन बहिन आकांक्षा जैन। शिक्षा एमबीबीएस (मेडीकल ऑफिसर। निवास बांदरी (जिला-सागर) जन्म दिनांक 13/12/1990,

11 सुयश जैन पिता वीरेन्द्र कुमार जैन माता शिमला जैन भाई डॉ यश जैन भाभी अनुष्का जैन बहिन प्रत्रृषिका जैन शिक्षा बीएससी, पीएसएम,व्यवसाय जैन ट्रेडर्स राहतगढ़ आजीवन व्रत 7 दिसम्बर 20 (सागर मोरा जी) संघ प्रवेश 14 फरवरी 2028 (कटनी) सात त्प्रतिमा 18 फरवरी 2025 निवास राहतगढ़ जिला-सागर।

12 राहुल जैन जन्म 29 जून 1993 जन्म स्थान अम्बापुरा तहसील मालपुरा जिला टोंक राजस्थान। शिक्षा बीए कार्य मेडिकल पिता हरिशंकर जैन माता ममता जैन बहन रेणू जैन गौरव जैन (टोंक) रूपा जैन (नानी कैलाश जैन मामा दो प्रतिमा के ब्रत आचार्य श्री.विद्यासागर जी महाराज में २२ सितम्बर 2018 खजुराहो आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत जगतपुज्य निर्मापक श्रमण मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर को दीक्षा प्रदान की जाएगी।

### दीक्षा पूर्व पाश्र्वनाथ जैन मंदिर से बिनौली यात्रा व गोद भराई



**अशोकनगर।** आगामी 23 नबंवर को थूवोनजी में जैनेश्वरी दीक्षाओं का आयोजन पुंगव मुनि सुधासागर जी महाराज के द्वारा किया जा रहा है। जिसे लेकर स्थानीय पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर पूरे दिन ब्रम्हचारी भैया के जैनेश्वरी दीक्षा लेने से पहले हाथों में मेहंदी रचाई गई पूरे दिन गोद भराई का कार्यक्रम चलता रहा। शाम की अवधि में भव्य बिनौली यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शहर के अनेक मार्गों से होकर निकली और सुभाषगंज में इसका समापन हुआ। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं को गोद भराई के कार्यक्रम में भाग लेते हुए देखा गया। अशोकनगर में यह अदभुत क्षण पहली बार देखने को मिल रहे हैं। इस दीक्षा कार्यक्रम को लेकर लोगों में अपार उत्साह है। 21 नवंबर फोटो न.16 हाथों में मेंहदी रचाई गई।

# नशे में नवीन कृषि उपज मंडी में ट्रैक्टर टोचन कर स्टंट करने वाला गिरफ्त में, ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विगत दिनों से नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में फसल बेंचने के लिये ट्रेक्टर ट्राली से आये किसानों एवं आम जनता के द्वारा ट्रेक्टर से स्टंट कर अव्यवस्था फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी देहात को नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में स्टंटबाज आसामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।

उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में ट्रेक्टर ट्राली की काफी भीड भाड होने से व्यवस्था करने हेतु एवं स्टंटबाज आसामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु प्रतिदिन टीम को रवाना किया जा रहा था। इसी क्रम में 20 नबंवर को नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में ट्रेक्टर ट्राली की काफी भीड भाड होने से व्यवस्था करने हेतु टीम पहुंची देखा तो एक व्यक्ति शराब के नशे में अपने ट्रेक्टर को तेज गति से चलाकर स्टंटवाजी करते दिखा, जिसके कारण मंडी मे ट्रेक्टर चालको की भगदड मच गई तभी पुलिस टीम द्वारा ट्रेक्टर चालक को रोककर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अभिषेक कटारिया पुत्र चंद्रभान सिंह कटारिया उम्र 22 साल निवासी बांसखेडी थाना पिपरई जिला अशोकनगर का होना बताया। उक्त व्यक्ति को मौके पर काफी समझाया लेकिन वह और उत्तेजित होकर आम जनता के लोगो को शराब के नशे में गाली गलौच करने लगा। संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु उक्त व्यक्ति की गिरफ्तारी के सिवाय अन्य कोई विकल्प न होने से मौके पर समक्ष पंचान उक्त व्यक्ति को धारा 170, 126,135(3) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया ट्रेक्टर चालक शराब के नशे में होने से चालक अभिषेक कटारिया का मेडीकल परीक्षण कराकर अन्तर्गत धारा 185, 184, 132/177 ,119/177, 130/177(1), 189, 146/196 मोटर व्हीकल एक्ट मे ट्रेक्टर को जप्त किया गया। बाद अरोपी को एसडीएम कोर्ट के समक्ष पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, उनि. सुमन किशोर लकडा, प्रआर. सूरज हर्षाना, प्रआर. अनूप, प्र.आर. शैलेंद्र, प्र.आर. भूपेंद्र की सराहनीय भूमिका रही।



# नारी शक्ति, वीरता और छात्रा नेतृत्व को समर्पित 'शौर्यांजलि' का आयोजन किया

**अशोकनगर।** मुंगावली में नारी शक्ति, वीरता और छात्रा नेतृत्व को समर्पित भव्य कार्यक्रम "शौर्यांजलि" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 800 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिससे पूरा परिसर प्रेरणा, ऊर्जा और उत्साह के वातावरण से भर गया। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य रूप से संयोजक ज्ञानालय परिवार अर्जुन यादव, नगर परिषद अध्यक्ष नरेश ग्वाल,भाग संयोजक आयुष यादव उपस्थित रहे।


अर्जुन यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा "हम सभी को अपने जीवन में रानी लक्ष्मीबाई के साहस, त्याग और नेतृत्व से प्रेरणा लेते हुए वर्तमान परिस्थितियों को समझना चाहिए। आज की छात्राओं में भी वही शक्ति और क्षमता है जो झांसी की रानी में थीकृ बस उसे पहचानने और सही दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है।" नरेश ग्वाल ने इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विचारधारा, कार्यशैली, छात्र हित कार्यों और युवा नेतृत्व निर्माण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्र निर्माण के पथ पर युवा शक्ति को संगठित करने के लिए समर्पित है। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद, अशोकनगर जिले के जिला संयोजक अमन रघुवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही, मुंगावली नगर के सभी कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में रानी लक्ष्मीबाई थीम पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की गईं, जिन्होंने सभी छात्राओं और अतिथियों को प्रेरित किया। "शौर्यांजलि" कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और प्रेरक माहौल में सम्पन्न हुआ तथा मुंगावली में यह आयोजन एक सफल, प्रभावशाली और यादगार दिवस के रूप में स्थापित हुआ।



# निलंबित लाइसेंस को जमा करने के लिए नोटिस चस्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, आपराधिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग पर रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में 17 नबंवर को जिला दण्डाधिकारी अशोकनगर द्वारा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त शस्त्र लायसेंसी आजाद खान पुत्र अलीम खान, निवासी ग्राम कोलुआ थाना देहात, हाल निवासी आजाद मोहल्ला थाना कोतवाली अशोकनगर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका आम्र्स लायसेंस जिस पर एक पिस्टल.32 बोर दर्ज है, निलंबित किया गया था तथा उक्त शस्त्र को तत्काल संबंधित थाने में जमा कराने के आदेश जारी किए गए थे। किन्तु, शस्त्र लायसेंसी आजाद खान द्वारा निलंबित शस्त्र लायसेंस पर दर्ज पिस्टल,32 बोर थाने में जमा नहीं की गई। इस पर थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा नियमों के पालन हेतु आजाद खान के ग्राम कोलुआ रोड स्थित फार्म हाउस तथा आजाद मोहल्ला स्थित आवास पर नोटिस चस्पा कर निर्देशित किया गया कि आजाद खान 02 दिवस के भीतर अपने निलंबित शस्त्र लाइसेंस पर दर्ज पिस्टल,32 बोर को थाने में जमा कराएँ। अन्यथा उनके विरुद्ध आम्र्स एक्ट के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि शस्त्र लाइसेंस का दुरुपयोग, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता अथवा प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जावेगी। जिले में कानून- व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु ऐसे मामलों में सख्त और त्वरित कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



### सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता पद यात्रा का आयोजन हुआ

# सड़कों पर आमजन, अधिकारी व राजनैतिक प्रतिनिधि चले पैदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता पद यात्रा का आयोजन किया गया। इस प यात्रा में शहर के जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन हिस्सा बने। इसकी शुरूआत अम्बेडकर भवन अशोकनगर से की गई। एकता पद यात्रा का शुभारंभ कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण तथा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् गायन के साथ किया गया।







**शहर में स्थापित होगी सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा** एकता पदयात्रा कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि आज हम सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मना रहे है। सरदार वल्लभ भाई पटेल देश के पहले गृह मंत्री रहे है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी एवं प्रकाशन को अवश्य पड़े। पटेल जी को लौह पुरूष की उपाधि प्रदान की गई। उनका जन्म गुजरात में हुआ था। उन्होंने कहा कि अशोकनगर में भी सरदार वल्लभ भाई की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।जिससे एक संदेश जिले के लोगों तक पहुंच सके। किस तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश को अखण्ड भारत बनाने में अपनी भूमिका निभाई।स्वतंत्रता के बाद भी देश की 562 रियासतों को एक कर अखण्ड भारत में महती भूमिका निभाई।

**सरदार पटेल का जीवन देश में एक मिशाल बना है-जजपाल सिंह** कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह ने कहा कि एकता पद यात्रा का आयोजन देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन पूरे देशभर में किया जा रहा है। युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है। युवा इस पर विचार करें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 150 वर्ष पहले भारत की स्वतंत्रता में अपना भरपूर योगदान दिया।उन्होंने आंदोलन किये,जेल गये, अंग्रेजों की यातनाएं सही। उन्होंने जो एक आजाद भारत का सपना देखा था,वह साकार करते हुए देश की सेवा की। भारत देश को एक करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। सरदार पटेल अपना पूरा जीवन पर्यन्त देश को एकता की सेवा के लिए आदर्श मानते रहे। उन्होंने देश के लोगों के लिए भाईचारे, एकता एवं भारतीय होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। युवा पीढ़ी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के आर्देशों से सीख लें। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी आकांक्षा मावरिया द्वारा स्वागत भाषण दिया तथा एकता पद यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



**स्वदेशी अपनाने का दिलाया संकल्प** एकता पदयात्रा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत के आव्हान पर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा उपस्थितजनों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया गया। नशामुक्ति की दिलाई शपथ। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उपस्थितजनों को नशा न करने हेतु नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन** एकता पदयात्रा के कार्यक्रम के दौरान राव माधव हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। साथ ही वुशू खिलाडियों का वुशू खेल का प्रदर्शन किया गया।

**एकता यात्रा को दिखाई हरी झण्डी** एकता यात्रा को अम्बेडकर भवन अशोकनगर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह यात्रा अम्बेडकर भवन अशोकनगर से प्रारम्भ होकर शंकरपुर मगदरा, मोहरीराय से होते हुए तूमैन रोड़ पर राष्ट्र गायन के साथ समापन किया गया।